श्रेष्ठ सुप्रभात

**सत्यवादी के जीवन मे संघर्ष तो आ सकते हैं, किन्तु उसके पास इतना आत्मबल होता है कि वह परास्त नहीं होता।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 24.0 | 13.0 |
| बीकानेर | 26.0 | 8.0 |
| जयपुर | 23.0 | 12.0 |

E- Paper NEXT 0011

newsexcellenttoday.com | 22 दिसंबर 2024, रविवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष अष्टमी - 2081


**आज के कार्यक्रम**

**सुशासन सप्ताह आज**

NEXTI आज सुशासन सप्ताह का आयोजन पंचायत समिति नोखा में आयोजित होगा।

**भागवत कथा श्रीडूंगरगढ़ में**

NEXTI कालूबास स्थित नेहरू पार्क में दोपहर 1बजे से शाम 5बजे तक भागवत कथा आयोजित होगी।

**श्रीराम कथा का आयोजन**

NEXTI लखासर-दुलचासर सड़क मार्ग पर स्थित बाबा रामदेव गौशाला में चल रही है।

## सर्दी की पहली धुंध ने छीनी दम्पत्ति की सांसें, तेज रफ्तार ने दी मौत

NEXTI सर्दी की पहली गहरी धुंध ने एनएच-11 पर एक दम्पति को मौत की नींद सुला दिया। 30वर्षीय अजय (हरियाणा पुलिस जवान) और उनकी पत्नी ऋतु (नर्सिंग कर्मी) व अभिषेक और इनकी पत्नी नचिता बीकानेर जा रहे थे। तब झंझेऊ के पास बीकानेर से आ रही लोक परिवहन की बस से इनकी टक्कर हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से पिचक गई और जोरदार आवाज हुई। आवाज को सुनकर पास स्थित खेत के युवा दौड़कर आये और श्रीडूंगरगढ़ हॉस्पिटल लेकर आये। परन्तु अजय और उनकी पत्नी ऋतु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और सतवीर और नचिता का प्राथमिक उपचार करके बीकानेर रेफर कर दिया गया है।

मौके पर पुलिस भी पहुंची और परिजनों तक सूचना दी। मृतक के चाचा समरसिंह ने सेरूणा थाने में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

**तेज रफ्तार और धुंध ने थामी सांसें, अपील रफ्तार को कम रखे**

झंझेऊ के पास आज सुबह हुई दुर्घटना में एक दम्पति की सांसें थम गई। जिस हिसाब से टक्कर हुई है और कार चकनाचूर हुई है उस हिसाब से गाड़ी की गति तेज थी और भारी धुंध के कारण दृश्यता कम थी।

## सुशासन सप्ताह में सक्रिय नजर आए अधिकारी मौके पर हुए निस्तारण



NEXTI सुशासन सप्ताह के अंतर्गत "प्रशासन गांव की ओर" कैंप का आयोजन श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम उमा मित्तल, तहसीलदार कुलदीप मीणा, बीडीओ मनोज धायल सहित बिजली, पानी, स्वास्थ्य, रोडवेज, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विकास, पशुपालन सहित सभी विभागों के अधिकारी इस कैंप में पहुंचे।

शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी उमा मित्तल ने जन समस्याओं को सुना और 46 परिवादों का त्वरित निस्तारण भी किया। इन दौरान नरेगा जॉब कार्ड, पीपीओ कार्ड, राशन कार्ड हाथों हाथ बनाकर उपलब्ध करवाये गए तथा इंतकाल भी दर्ज किए गए।

## पालिका की जमीनों पर निजी, राजनीतिक और सामाजिक निर्माण

NEXTI श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका द्वारा एक सूचना के द्वारा अपनी सैंकड़ों बीघा भूमि को भूमाफियों से छुड़वाने के लिए खसरा सहित नोटिस जारी किया है। पालिका ईओ ने बताया कि पालिका अपनी भूमि को भूमाफियों से छुड़वाने के लिए कार्यवाही करेगी।

पालिका द्वारा जो खसरा नम्बर नोटिस में जारी किए गए हैं उनमें वर्तमान में सामाजिक भवनों, श्मशान, बस्तियों और कुछ निजी व्यक्तियों सहित राजनीतिक रसूख वाले व्यक्तियों का कब्जा है। पालिका द्वारा जारी खसरा नम्बरों में से कुछ ने अपने पट्टे बनवा लिए हैं और निर्माण भी करवा चुके हैं।

वर्तमान में खसरा 901 कब्रिस्तान, 711 कब्रिस्तान, 1187 राजनीतिक व्यक्ति, 1209/927 निजी व्यक्ति, 283 निजी व्यक्ति, 596 निजी व्यक्ति, 599 धर्मस्थल, 926 कब्रिस्तान, 942 कब्रिस्तान, 1047 बस्ती, 1051 बस्ती, 1067 और 1076 बस्ती स्थित है।


आज ही NEXT की साइट का विजिट करें और जुड़ें रहिए NEXT से...


## श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में भामाशाह के सहयोग से बनेंगे 6 कक्षा कक्ष, शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तार होगा

NEXTI कस्बे के श्रीडूंगरगढ महाविद्यालय में शनिवार को प्रथम तल पर बनने वाले छः कक्षा कक्षों का शिला पूजन प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिशंकर बाहेती ने विधि विधान से किया। समिति अध्यक्ष हरिशंकर बाहेती ने कहा कि इन कक्षा कक्षों के निर्माण से महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू हो पाएगी। कमरों के निर्माण के बाद विज्ञान संकाय में यूजी कोर्स भी खोला जाएगा। जिससे तहसील सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिल सकेंगी।

इस कक्षा कक्षों का निर्माण भामाशाहों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। प्रबंध समिति सचिव श्याम महर्षि के बताया कि दानदाता भीखमचन्द पुगलिया कोलकाता-श्रीडूंगरगढ़, चुन्नीलाल सोमानी परिवार, जतनलाल पारख, रणजीत बिहानी, भैरुदान बाहेती परिवार, देवीप्रसाद मूंधड़ा, गौरीशंकर राठी, नन्दकिशोर मूंधड़ा द्वारा 11-11 लाख रुपयों की लागत से कमरों का निर्माण किया जाएगा। इन भामाशाह द्वारा



महाविद्यालय के प्रथम तल पर कमरों के अलावा बरामदे का निर्माण भी करवाया जाएगा।

समिति के महावीर माली ने कहा कि यह महाविद्यालय कस्बे के सबसे पुराना उच्च शिक्षा का केंद्र है, जो निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को दें रहा है। सत्यनारायण योगी ने बताया कि इस सत्र महाविद्यालय के चार खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल हासिल किया है, जो गौरव पूर्ण कार्य है। विजय महर्षि ने कहा कि महाविद्यालय में इन कक्षा कक्षों के निर्माण के बाद शैक्षणिक गतिविधयों में विस्तार होंगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनोद सुथार, लेखाकार महावीर धामा, नारायण सारस्वत ने आगुन्तकों का स्वागत किया।

## सीजन की पहली धुंध, दृश्यता घटकर केवल 10 फीट रैनबसेरों के लिए आगे आये सरकार और संस्थाएं

NEXTI श्रीडूंगरगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में सर्दी का असर तेजी से बढ़ रहा है। लगातार गिरते तापमान और बढ़ती धुंध ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शनिवार सुबह सीजन की पहली गहरी धुँध छाई रही। धुंध के कारण दृश्यता 10फ़ीट की रही। सुबह और रात के समय ठंड अधिक तीव्र हो रही है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**सर्दी के कारण होने वाले प्रभाव:**

**यातायात पर असर:** घने कोहरे के कारण वाहनों की दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। धीमी गति से चलने के बावजूद यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**फसल पर प्रभाव:** सर्दी का सीधा असर रबी की फसलों पर देखने को मिल रहा है। हालांकि गेंहू, चना, और सरसों जैसी फसलों के लिए यह मौसम फायदेमंद है, लेकिन पाला पड़ने की स्थिति में फसलों को नुकसान हो सकता है।

**स्वास्थ्य पर प्रभाव:** ठंड के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। डॉक्टरों ने सुबह की ठंड से बचने और गर्म कपड़ों का उपयोग करने की सलाह दी है।

**बचाव के उपाय:**

- गर्म कपड़े पहनें और शरीर को ढक कर रखें।
- सुबह और रात के समय बाहर जाने से बचें।
- गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें, जैसे अदरक वाली चाय या हल्दी वाला दूध।
- यदि घर में हीटर या ब्लोअर का उपयोग कर रहे हैं, तो वेंटिलेशन का ध्यान रखें।
- वाहन चलाते समय हेडलाइट्स और फॉग लाइट्स का उपयोग करें।

**सरकारी और संस्थागत सहयोग:**

सर्दी के इस मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए कंबल वितरण और रैन बसेरों की व्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी है। सरकारी और सामाजिक संस्थाएं इस दिशा में पहल कर सकती हैं।

## पूर्व विधायक मिले कांग्रेस नेताओं से, की चर्चा



NEXTI रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा और पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास श्रीडूंगरगढ़ पहुंचे। यहां पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने गणपति धर्मकांटा पर उनका साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई और भाजपा को कई मुद्दों पर घेरने संबंधी वार्ता की। इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तावनियाँ ने केंद्रीय कानून मंत्री से भेंट की, शुभकामनाएं दी



NEXTI श्रीडूंगरगढ़ के युवा भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता बृजलाल तावनियाँ ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को जन्मदिवस की बधाई दी। तावनियाँ केंद्रीय कानून मंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर पहुँचे और उनके 72वें जन्मदिवस पर शुभकामनाएं भेंट की। इस दौरान क्षेत्रीय विकास संबंधी चर्चा भी हुई। गौरतलब है कि बृजलाल तावनियाँ श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता है।

## महिला कांस्टेबल के घर से रुपये चोरी, मामला दर्ज

NEXTI बीकानेर में आरएसी थर्ड बटालियन की महिला कांस्टेबल सुमित्रा जाट के क्वार्टर से 96,000 रुपये नकद और एक सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। सुमित्रा ने बीछवाल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

रिपोर्ट के अनुसार, सुमित्रा 19 से 23 नवंबर तक खाटूश्याम मेले की ड्यूटी पर थीं और उसके बाद दो दिन प्रतियोगिता परीक्षा की ड्यूटी में व्यस्त थीं। इस दौरान वह गलती से क्वार्टर का ताला लगाना भूल गईं। जब वह वापस लौटीं और संदूक की जांच की, तो उसमें से सोने की चेन और नकदी गायब पाई गई।

सुमित्रा ने इस घटना की जानकारी अपने बटालियन प्रभारी को दी और फिर अपने भाई की शादी में शामिल होने गांव चली गईं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## जैन समाज करेगा प्रथम महिला जज का अभिनंदन

NEXTI श्रीडूंगरगढ़ कस्बे की प्रथम महिला जज बनने का गौरव रखने वाली आकांक्षा दुगड़ पुत्री हनुमान मल दुगड़ के वृहद अभिनंदन कार्यक्रम रविवार को मालू भवन में आयोज्य है।

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापन्थ युवक परिषद, तेरापन्थ महिला मंडल और अणुव्रत समिति द्वारा संयुक्त रूप से सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कुंथुश्री के सान्निध्य में रविवार दोपहर 2बजे अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभा के मंत्री प्रदीप पुगलिया ने बताया कि कार्यक्रम एसीजेएम हर्षकुमार की अध्यक्षता में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम उमा मित्तल, विशिष्ट अतिथि के रूप में वृताधिकारी निकेत पारीक और स्वागताध्यक्ष के रूप में जतनलाल पुगलिया शिरकत करेंगे। इसके साथ ही कस्बे के विशिष्टजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।


NEXT के लोगो और सोशल साइट के सिंबल पर क्लिक करते ही साइट ओपन होती है। तो जुड़े रहिए NEXT के साथ